अंतरजनपदीय वाहन चोर दबोचे, आठ बाइकें बरामद

- वाहन चेकिंग के दौरान दबोचा गया पहला आरोपित
- कड़ाई से हुई पूछताछ तब पकड़ में आया गिरोह

जासं • श्रावस्ती : इकौना क्षेत्र में पुलिस टीम ने पांच अंतरजनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई आठ बाइकें बरामद हुई हैं। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया है।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि दीपावली पर्व पर सुरक्षा के लिए सीओ इकौना सतीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में श्रावस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक गणनाथ प्रसाद, रमवापुर पुलिस चौकी प्रभारी गौरव सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान वीरपुर चौराहे की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक सवार को रोका। बातचीत में व्यक्ति के संदिग्ध प्रतीत होने पर कड़ाई से पूछताछ की गई। पता चला कि बाइक चोरी की है। बाइक सवार रामतेज उर्फ परधाने को हिरासत में लेकर पुलिस ने मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ शुरू की।

आरोपित ने बेचने के लिए बहराइच जिले के पयागपुर क्षेत्र के मौहरियापुरवा गांव निवासी महेश की ओर से बाइक दिए जाने की बात बताई। उसने बताया कि महेश ने तीन बाइक व पयागपुर क्षेत्र के ही मोहम्मदपुर ककरहा कुट्टी निवासी मनोज सिंह ने पांच बाइक बेचने के लिए दिए थे। इसमें से एक बाइक घर में छिपा कर रखी है।

पकड़े गए बाइक चोरों के संबंध मे जानकारी देते एसपी धनश्याम चौरसिसा (बाएं) व पीछे मौजूद आरोपित • जागरण

इसके अलावा गोपालपुर के चौखड़िया निवासी विजय विश्वकर्मा, बहराइच जिले के विशेश्वरगंज क्षेत्र के तकिया निवासी जयप्रकाश व श्रावस्ती क्षेत्र के केशवापुर निवासी बबलू को एक-एक बाइक, इकौना के लैबुड़वा निवासी रामगोपाल को दो बाइक व इकौना क्षेत्र के चिचड़ी निवासी दुर्गेश जायसवाल को एक बाइक बेचने के बात बताई। पुलिस ने बताई गई सभी बाइकों को बरामद कर लिया। आरोपित रामतेज उर्फ परधाने, दुर्गेश जायसवाल, रामगोपाल, विजय विश्वकर्मा व सूरजभान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में पता चला कि गिरोह में शामिल मनोज सिंह अंतरजनपदीय वाहन चोरों का सरगना है। आरोपितों ने बताया कि अलग-अलग जिलों से बाइक चोरी कर बेचते हैं। एसपी ने सराहनीय कार्य के लिए श्रावस्ती थाने की पुलिस टीम को दस हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक गौरव सिंह, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार, शेर सिंह, आरक्षी देवकृष्ण मिश्रा, देवेंद्र यादव, संतोष कुमार, मुहम्मद कयास, देवेंद्र यादव शामिल रहे।